(ग) से (च) परियोजना का पहला चरण, जिसमें स्वर्ण मंदिर परिसर के चारों ओर 30 मीटर के अंदर भूमि का अधिग्रहण करना, भवनों को गिराना तथा मलबा साफ़ करना शामिल था, पूरा किया गया । राज्य सरकार खाके आदि की संरचनात्मक योजना को अंतिम रूप दे रही है । परियोजना को पूरा करने के लिए कोई समय निश्चित नहीं किया गया है ।

दिल्ली में आतंकवादी गतिविधियां

815. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केंद्र शासित राज्य दिल्ली में भी आतंकवादी गतिविधियों में निरंतर वृद्धि हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1988-89 और 1990 के दौरान दिल्ली में विभिन्न प्रकार की कितनी कितनी आतंकवादी गतिविधियां हुई हैं ;

(ग) इन तीन वर्षों के दौरान गिरफ्तार किए गए ऐसे लोगों की संख्या कितनी है जो इन गतिविधियों में अंतर्ग्रस्त थे; और

(घ) कितने लोगों पर आतंकवादी गतिविधियों का आरोप लगाया गया है और उन्हें अदालतों ने इन तीन वर्षों के दौरान निर्दोष पाने के बाद छोड दिया है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) जी, हां, श्रीमान् । इनमें कुछ वृद्धि हुई है ।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान हुई ऐसी गतिविधियों की संख्या इस प्रकार है :—

	1988	1989	1990
(1) आतंकवादियों द्वारा किए गए बम विस्फोटों की संख्या	3	4	10
(2) बिना विस्फोटों हुए पता लगे बमों की संख्या	4	—	2
(3) विधि आतंकवादी गतिविधियां	3	7	4

(ग) उपरोक्त गतिविधियों के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान पकडे गए व्यक्तियों की संख्या इस प्रकार है :—

1988	1989	1990
10	18	13

(घ) जिन व्यक्तियों पर आतंकवादी गतिविधियों के लिए आरोप लगाए गए थे, उनमें से एक व्यक्ति के विरुद्ध मामला वापस लिए जाने के कारण न्यायालय द्वारा उसे छोड दिया गया था तथा अन्य 5 व्यक्तियों को न्यायालयों द्वारा दोष मुक्त कर दिया गया था ।